दिनांक: 22.11.2025 समय: 07.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

मुख्य समाचार,

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोहान्सबर्ग में जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले सत्र को संबोधित करते हुए समावेशी और सतत विकास पर जोर दिया।

2- हैदराबाद में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने निवेशकों से की चर्चा, कहा-ग्रीन एनर्जी है राष्ट्र के विकास का सबसे मजबूत स्तंभ।

3- प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पूरी तत्परता से जारी।

और

4- प्रदेश में तेज ठंड के साथ अब कोहरे का भी असर, शाजापुर, सीहोर सहित कई जिलों में छाई धुंध।

-------------

पीएम - जी20 सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले सत्र को संबोधित करते हुए समावेशी और सतत विकास पर जोर दिया। श्री मोदी ने अफ्रीका में पहली बार जी-20 सम्मेलन के आयोजन पर कहा कि यह वैश्विक विकास मापदण्ड पर फिर से विचार करने और ऐसे विकास को प्राथमिकता देने का सही समय है जो समावेशी तथा टिकाऊ दोनों हो। उन्होंने कहा कि ये भारत के सांस्कृतिक मूल्यों, खासकर एकात्म मानववाद के सिद्धांत का एक सार्थक रास्ता दिखाते हैं। प्रधानमंत्री ने एक जी-20 ग्लोबल हेल्थकेयर रिस्पॉन्स टीम गठित करने का प्रस्ताव रखा। श्री मोदी ने कहा कि जी-20 देशों को प्रशिक्षित चिकित्सीय विशेषज्ञों की टीम बनाने की आवश्यकता होनी चाहिए, जिसकी किसी भी आपातकाल स्थिति में तुरंत तैनाती की जा सके। नशीले पदार्थ की बढ़ती चुनौती खासकर फेंटानिल जैसे खतरनाक पदार्थों के फैलाव से निपटने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री ने ड्रग-टेरर नेक्सस का मुकाबला करने के लिए जी-20 पहल का भी प्रस्ताव रखा। श्री मोदी ने सदस्य देशों से ड्रग-टेरर अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के लिए एकजुट होने की भी अपील की।

## सीएम-निवेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश में बड़े औद्योगिक निवेश आकर्षित करने के लिए आज हैदराबाद में 'इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटीज इन मध्यप्रदेश' सत्र में दक्षिण भारत के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि यह सत्र उद्योग समूहों के लिए मध्यप्रदेश की नीतियों, आधारभूत संरचना और निवेश के अवसरों को जानने का महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने हरित ऊर्जा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही ग्रीनको कंपनी के हैदराबाद स्थित मुख्यालय का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने कंपनी की अत्याधुनिक तकनीकों, ऊर्जा संरक्षण प्रणालियों और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन से जुड़े विभिन्न प्रोजेक्ट्स का बारीकी से अवलोकन किया। डॉ. यादव ने कहा कि ग्रीन एनर्जी आज राष्ट्र के विकास का सबसे मजबूत स्तंभ बनती जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में हरित ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र में निवेश की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि यहां हर निवेशक और कम्पनियों का मध्यप्रदेश में दिल से स्वागत है।

## संशोधित श्रम संहिताएँ- प्रतिक्रिया

भारतीय मजदूर संघ ने चार नई श्रम संहिताओं को लागू करने का स्वागत किया है। मजदूर संघ के राष्ट्रीय सचिव गिरीश आर्य ने कहा कि यह आज़ादी के बाद से श्रमिकों के पक्ष में किया गया सबसे बड़ा सुधार है। उन्होंने कहा कि इससे श्रमिक सशक्त होंगे और अनुपालन आसान होगा। भारतीय ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रीय मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. दीपक जायसवाल ने कहा कि लगभग पचास करोड़ लोग असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं और नई श्रम संहिताओं के लागू होने से अब उनका न्यूनतम वेतन पूरी तरह सुनिश्चित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन का भी प्रावधान है। व्यक्तिगत स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुडे पुराने कानूनों को कई आधुनिक प्रावधानों के साथ अपडेट किया गया है।

श्रमिक वर्ग ने भी नई श्रम संहिताओं का स्वागत किया है।

## पीआईबी फैक्ट चेक- तेजस

सरकार ने पाकिस्तानी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हो रहे

सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल के.जे.एस. ढिल्लों के डिजिटल रूप से बनाए गए वीडियो का खंडन किया है। इस वीडियो में लेफ्टिनेंट जनरल ढिल्लों यह दावा कर रहे हैं कि लेफ्टिनेंट जनरल वीके सिंह ने दुबई एयर शो में तेजस दुर्घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की थी। पत्र सूचना कार्यालय-पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट ने कहा कि सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल ढिल्लों ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। प्रसारित वीडियो भ्रामक सूचना फैलाने के उद्देश्य से एआई द्वारा बनाया गया है। पीआईबी ने सत्यापन के लिए मूल वीडियो का लिंक भी दिया। कार्यालय ने नागरिकों से झूठी और भ्रामक सामग्री को आगे न बढ़ाने और आधिकारिक स्रोतों पर विश्वास करने का आग्रह किया।

## एसआईआर-कार्य

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पूरी तत्परता से किया जा रहा है। आज सीहोर जिले के कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरु के ने जिला मुख्यालय के आसपास के मतदान केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने मतदान केंद्र पर पहुंचकर एसआईआर कार्य की प्रगति देखी। इस दौरान उन्होंने इस कार्य को समय पर पूरा करने के लिए गांव के शिक्षित युवक-युवतियों और वालेंटियर्स की मदद लेने को कहा। गुना में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आज वार्ड 20 और वार्ड 21 का क्षेत्र का दौरा कर एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बीएलओ से घर-घर सर्वे की स्थिति, लंबित फॉर्मों की संख्या और अपडेट किए गए फॉर्मों की जानकारी ली। कलेक्टर ने वार्डवासियों से भी बातचीत कर उन्हें सर्वे में सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। पन्ना से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले की सभी तीन विधानसभा पन्ना, पवई एवं गुनौर में यह कार्य संचालित किया जा रहा है। यहां चार बूथ लेवल अधिकारियों ने 14 दिवस पूर्व ही शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया है। बीएलओ सुधीर कुमार पांडे ने आकाशवाणी से बात की।

## अर्ध वार्षिक मूल्यांकन

प्रदेश की शासकीय और अशासकीय शालाओं में कक्षा 3 से 8 के लिए सोमवार 24 नवम्बर से आयोजित होने वाला अर्धवार्षिक मूल्यांकन की तिथि बढ़ाई गई है। अब मूल्यांकन का कार्य 8 दिसम्बर से 13 दिसम्बर 2025 के मध्य होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने वर्तमान में प्रदेश में

संचालित चुनावी प्रक्रिया एसआईआर में शासकीय कर्मचारियों की व्यस्तता के कारण कक्षा 3 से 8 के अर्धवार्षिक मूल्यांकन की तिथियों को आगे बढ़ाते हुए निर्णय लिया है। इस संबंध में नवीन समयसारिणी जारी की है।

## मौसम

अब खबर मौसम की, प्रदेश में तेज ठंड के साथ अब घने कोहरे का असर भी दिखाई देने लगा है। आज सुबह कई शहरों में कोहरे का असर देखा गया। शाजापुर में घना कोहरा छाया। अकोदिया, शुजालपुर क्षेत्र में सुबह विजिबिलिटी 100 मीटर तक ही रही। इधर, रात का पारा कई शहरों में 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है। भोपाल-इंदौर में 9.4 डिग्री, ग्वालियर में 13 डिग्री, उज्जैन-जबलपुर में 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, पचमढ़ी में सबसे कम 6.2 डिग्री रहा। राजगढ़ में 8.2 डिग्री, खरगोन में 8.6 डिग्री, नौगांव में 8.8 डिग्री, नरसिंहपुर में 9.4 डिग्री सेल्सियस रहा। सीहोर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। बीते दिन जिले का न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

1- वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने प्रदेश के लोगों से अपिल की है कि बजट को लेकर वे अपने सुझाव दें। जो भी सुझाव उपयुक्त होंगे उन्हें बजट में शामिल किया जाएगा।
2- केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके और विधायक हेमंत खंडेलवाल ने आज बैतूल में 7 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से बनने वाले टिकारी - गाड़ाघाट मार्ग का भूमिपूजन किया।
3- खंडवा में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ कल मैराथन दौड़ के साथ किया जाएगा। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल तथा अन्य जनप्रतिनिधि इस आयोजन का शुभारंभ करेंगे।
4- मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान- भोपाल में आज 22वां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। समारोह में संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों के 1 हजार 600 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। इनमें से 72 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी गई।
5- राज्य सूचना आयुक्त 5 दिसंबर को खंडवा में लंबित अपीलों और शिकायतों की सुनवाई करेंगे। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारीयों को अनिवार्य

उपस्थिति के निर्देश दिए।

6- शासकीय अग्रणी महाविद्यालय, राजगढ़ के तत्वावधान में “जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता: समकालीन युग में विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया।

7- शिवपुरी जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में नगण्य प्रगति एवं गंभीर लापरवाही बरतने के कारण पांच बीएलओ की एक-एक वार्षिक वेतनवृद्धि रोके जाने की कार्यवाही की है।

8- रतलाम में फर्जी मान्यता प्रमाण पत्र बनाने और आयुक्त पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक आयोग के हस्ताक्षर की नक़ल करने के आरोप में सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सचिव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

9- सीहोर की नन्ही कराते खिलाड़ी 13 साल की मेघा शर्मा ने दिल्ली में हुई नेशनल कराटे प्रतियोगिता में दो मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया।

10- मंडला के ग्राम धनगांव और खड़ेवरी के बीच कल देर शाम दो मोटरसाइकिलों की टक्कर से तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

------------